**राजभाषा सेवा संस्थान द्वारा 24 से 26 जून,2026 तक गोवा में आयोजित दसवें "अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं कौशल संवर्धन संगोष्ठी में ईपीआई पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय" मुम्बई को राजभाषा के श्रेष्ठ अनुपालन हेतु प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ**

राजभाषा सेवा संस्थान द्वारा 24 से 26 जून, 2026 तक गोवा में आयोजित दसवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं कौशल संवर्धन संगोष्ठी में ईपीआई पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय मुम्बई को राजभाषा के श्रेष्ठ अनुपालन हेतु प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ राजभाषा सेवा संस्थान द्वारा ईपीआई के राजभाषा कार्यान्वयन की गतिविधियों के संदर्भ में दिनांक 24 से 26 जून 2026 गोवा में आयोजित दसवां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं कौशल संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें ईपीआई पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई की ओर से श्री दिनकर जाला अपर महा प्रबंधक, (मैकेनिकल) ने सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में विभिन्न उपक्रमों व बैंकों तथा स्वायत्त निकायों आदि ने भाग लिया था।

ईपीआई के राजभाषा कार्यान्वयन की गतिविधियों को देखते हुए संस्थान ने कार्यालय में राजभाषा के बढते प्रयोग पर अपनी प्रशंसता व्यक्त की और हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए और अधिक गति प्रदान हो ऐसी शुभेच्छा दी तथा राजभाषा सेवा संस्थान के अध्यक्ष माननीय डॉ.वी.के.अग्रवाल द्वारा श्री दिनकर जाला अपर महा प्रबंधक, (मैकेनिकल) को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया तथा राजभाषा सेवा संस्थान के अध्यक्ष द्वारा माननीय श्री गौरव मनचंदा,समूह महा प्रबंधक एवं प्रभारी पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई को राजभाषा के श्रेष्ठ अनुपालन हेतु शील्ड प्रदान की गई।

इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं माननीय निदेशक परियोजनाए ने पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी को हिंदी में सर्वेष्ठ कार्य करने के लिए अपनी सुभेच्छाएं भी दीं इस अवसर पर माननीय श्री बि.बिस्वास, कार्यकारी निदेशक एवं प्रभारी योजना एवं अनुवीक्षण तथा इंजीनियरिंग प्रभाग, श्री आशीष लोखंडे, महा प्रबंधक उ.क्षेत्रीय कार्यालय उपस्थित थे तथा कार्यालय प्रमुख ने इस अवसर पर समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया जिससे हिंदी का अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार हो सके। (फोटो संलग्नक है)

डॉ. अहीर प्रभुनाथ
कार्यकारी (राजभाषा) एवं
हिंदी प्रतिनिधि-ईपीआई क्षे.का.मुम्बई
राजभाषा प्रभाग,कार्पोरेट कार्यालय,नई दिल्ली




सेवा संस्थान


राजभाषा सेवा संस्थान
द्वारा आयोजित
''अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं कौशल संवर्धन संगोष्ठी''
में
इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लि.
पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई
को
वर्ष 2025-26 के दौरान राजभाषा के श्रेष्ठ अनुपालन हेतु
प्रथम पुरस्कार
से सम्मानित किया जाता है।
गोवा
26.06.2026
डॉ. वी.के.अग्रवाल
निदेशक
राजभाषा सेवा संस्थान


राजभाषा सेवा संस्थान
दसवां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन